
दक्षिण मुखी हनुमान प्रतिमा का हुआ अभिषेक


राम लक्ष्मण जानकी की झांकी


मंदिर में हवन पूजन

धर्म | सुबह से रात तक अभिषेक, हवन पूजन और भंडारें का चला दौर

# हनुमान जयंती पर बेलखाड़ू में भक्ति और उत्साह की धूम


हनुमान संग राक्षसों की झांकी


माल बाबा मंदिर से प्रारंभ हुई विशाल वाहन रैली

**नवभारत,बेलखाड़ू।** बेलखाड़ू एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रात: काल मंदिरों की साफ-सफाई कर उन्हें फूल-मालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया। इसके पश्चात विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान हनुमान को चोला अर्पित किया गया तथा धर्म ध्वजा फहराई गई। श्रद्धालुओं ने परिवार सहित मंदिर पहुंचकर सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। दिनभर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन चलते रहे। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बघोडी, मोहास, कुटी आश्रम, झगरा, मालबाबा मंदिर खेरी, बघोड़ा, बिलखरवा , निरंदपुर, सूरतलाई, नगना, हरदुआ,और पड़रिया सहित आसपास के गांवों के मंदिरों में विशेष पूजन, आरती और विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। वही शाम के समय भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें भगवान हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। डीजे की धुनों और जयकारों के साथ निकले इस चल समारोह में युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। पूरे दिन ग्रामवासियों में भक्ति, आस्था और सनातन संस्कृति के प्रति गहरा प्रेम दिखाई दिया।हनुमान जयंती के इस आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

### झांकी रही आकर्षण का केंद्र

बेलखाड़ू के युवाओं ने इस बार दो झाकियां निकाली जिसमें पहली श्रीराम जानकी लक्ष्मण एवं राक्षसों के संग हनुमान झांकी आकर्षण का केंद्र रही। युवा डीजे के साथ बड़े बड़े ध्वज हाथों में लेकर जयकारा लगाते हुए पूरे बेलखाड़ू में भ्रमण किया, मोहास गांव भी गए। वही ग्राम मोहास स्थित हनुमान मंदिर एवं बेलखाड़ू पड़ाव बजरंग नगर स्थित हनुमान मंदिर में आज हनुमान जयंती पर महा आरती का आयोजन धूम धाम से किया गया।

### रमखिरिया मित्र मंडल ने निकाली वाहन रैली

मित्र मंडल संगठन द्वारा हनुमान जयंती पर शाम को माल बाबा मंदिर खैरी बेलखाड़ू से ग्राम रमखिरिया तक 15 किलोमीटर की विशाल वाहन रैली डी जे के साथ निकाली। जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से गूंजायमान रैली रास्ते में बेलखाड़ू, झगरा,14 मील, पौड़ी, खैरा होते हुए रमखिरिया हनुमान मंदिर पहुंचकर समापन हुआ।

## अंजनी नंदन की हुई प्राण प्रतिष्ठा, निकली ध्वज यात्रा




**नवभारत,सुकरी।** रेल्वे स्टेशन सुकरी मंगेला में चल रही राम कथा के छटवें दिवस गुरुवार को अंजनी नंदन पवनसुत हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा हुई एवं राम दरबार सुकरी में भव्य अभिषेक के साथ विशाल ध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा का ग्राम भ्रमण कर विधिवत पूजन किया गया एवं भंडारे में विशेष प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। इसके उपरांत सभी भक्त ढोल नगाड़े के साथ कथा स्थल रेल्वे स्टेशन सुकरी मंगेला पहुंचे जहाँ पूज्य व्यास पीठ पर विराजित लोढा पहाड सिहोरा जिला जबलपुर वाले सिद्ध संत के द्वारा राम कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर बरगी विधायक नीरज सिंह लोधी, आशा मुकेश गोटिया अध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर, भारती सुखलाल यादव सभापति संचार समिति जनपद पंचायत जबलपुर, बबलू सिंह राजपूत, विजय सिंह राजपूत, अशोक डेहरिया, देवी सिंह पटेल शिक्षक रामा धार बाबा एवं सैकड़ों की तादाद में भक्तों ने राम कथा का आंनद लिया।

### हनुमान मंदिर में हुई महाआरती

अंजनी नंदन के प्रकटोत्सव की पावन बेला में सुकरी स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्यजनों की सहभागिता रही।

## भक्ति भाव से सराबोर रहा समूचा कटंगी क्षेत्र



▶ हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब



**नवभारत,कटंगी।** प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी कटंगी और आसपास के क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। प्रात: काल से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर संकटमोचन भगवान हनुमान जी को श्रीफल , मिष्ठान, मालाएं, ध्वज अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति कटंगी द्वारा समूचे नगर को झंडा और बैनरों से सजाया गया था साथ ही मुख्य मंदिरों में विशेष सजावट की गई तथा भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जगह-जगह मंच लगाकार भंडारे एवं प्रसादी वितरण की व्यवस्था समितियों द्वारा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### निकाली गई शोभायात्रा

शाम के समय कटंगी नगर में भव्य ऐतिहासिक शोभायात्रा सिला माई से पोला तिराहा तक निकाली गई, जिसमें भगवान हनुमान जी की विभिन्न आकर्षक झांकियां सजाकर सम्मिलत रहीं। पौड़ी राजघाट से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जन ढोल-नगाड़े और ट्रैक्टरों के साथ जुलूस में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ साथ लोगों द्वारा जय श्री राम, जय हनुमान के गगनचुंबी नारों के बीच वातावरण भक्तिमय हो गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन भी मौके पर मुस्तैद रहा। पूरे दिन नगर में सुबह से लेकर रात तक धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा और श्रद्धालु हनुमान भक्ति में लीन नजर आए।

जन्मोत्सव | हनुमान जन्मोत्सव पर सिहोरा खितौला में अनेक आयोजन, मंदिरों में दिनभर चले हवन पूजन भण्डारे

# वाहन रैली में देखने मिला भक्ति और शक्ति का बेजोड़ संगम, एकजुट दिखा हिन्दू समाज

**नवभारत,सिहोरा।** अंजनी के लाल महाबली संकट मोचन पवन पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव गुरुवार को सिहोरा नगर एवं उपनगर खितौला के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में श्रद्धा और आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान मैं निकाली गई विशाल एवं भव्य वाहन रैली में भक्ति और शक्ति का बेजोड़ संगम देखने को मिला।

### हनुमान भक्तों पर मातृशक्ति ने की पुष्प वर्षा

हनुमान मंदिरो में शाम तक हवन,पूजन, कन्या भोजन तथा भंडारे का दौर चलता रहा। वहीं वाहन रैली पथ पर श्रद्धा का सैलाव उमड़ पड़ा तथा इसमें चल रहे हनुमान राम भक्तों पर महिलाओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रैली की खास बात यह रही की नगर के इस सबसे बडे धार्मिक आयोजन में सारा हिन्दू समाज एक जुट दिखा।



### सिहोरा खितौला में जगह जगह स्वागत

भगवा रंग में रंगी विशाल वाहन रैली का सिहोरा खितौला में स्टेडियम के सामने झंडाबाजार,मैना कुआं, बाबाताल,कटरा मोहल्ला, खितौला बाजार, लखराम मोहल्ला, बरा मोहल्ला सहित अनेक स्थानो पर भव्य स्वागत के अलावा आमलोगों ने अपने घरों के सामने ही स्टाल लगाकर तरह तरह के व्यंजन बांटे।

### हिन्दू उत्सव समिति ने किया आभार व्यक्त

हिन्दू उत्सव समिति ने ऐतिहासिक वाहन रैली को सफलतापूर्वक सपन्न कराने में सहयोग के लिये समस्त हिन्दू समाज, जनप्रतिनिधियों,प्रशासन पुलिस प्रशासन, पत्रकारों, नगर पालिका सहित आम नागरिको के प्रति आभार व्यक्त किया।

### वाहन रैली में सैकड़ों दो पहिया वाहन शामिल

जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन के बाद बाबाशाला से अपने वाहनो में भगवा ध्वज लगाकर सैकड़ों युवाओं के दोपहिया,तिपहिया वाहनों के साथ विशाल वाहन रैली अंजनी के लाल की,जय श्रीराम,भारत माता की जय के गगन भेदी जयकारे लगाते हुये निकली रैली में हजारो युवा,बच्चे शामिल हुए।विभिन्न मार्गो से होकर निकली रैली में शामिल हनुमान भक्तो का चिलचिलाती धूप में भी उत्साह देखते ही बन रहा था। तथा इस दिन पूरा हिन्दु समाज पवनपुत्र की स्तुती करने मैं लीन दिखा। रैली समापन स्थल पुराना बस स्टेंड में चारों ओर हिन्दू महाकुंभ सा नजारा देखने को मिला हर तरफ बस भगवा ध्वज ही दिखाई दिए आरती में प्रकाश बैंड ने शानदार प्रस्तुति दी।

### दिन भर चले मंदिरों में भण्डारें

पवन सुत के जन्मोत्सव पर सिहोरा रोड रेल्वे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर, नया बस स्टेंड,सिविल कोर्ट के सामने,पुराना बस स्टेण्ड के पास स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर,बाबाशाला, सरावगी मोहल्ला, कोर्ट के सामने, ज्वालामुखी तिराहा वार्ड क्रमांक 2, नया बस स्टेंड,मिस्पा स्कुल के सामने आदि में हनुमान जी के मंदिरो में दिनभर भण्डारे चलते रहे।

## बिना मांग 2 करोड़ के फर्नीचर खरीदी का मामला

**रायसेन।** जिले के सिलवानी विकासखंड में विद्यालयों के लिए बिना मांग के लगभग 2 करोड़ रुपये के कॉन्फ्रेंस हॉल फर्नीचर खरीदी का मामला सामने आया है. प्राथमिक जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है, जबकि मामले की विस्तृत जांच जारी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिलवानी में पदस्थ एक सहायक ग्रेड-3 ने प्राचार्यों को बुलाकर अपने स्तर पर कार्यादेश तैयार कराए. इस प्रक्रिया में न तो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति ली गई और न ही वित्तीय नियमों का पालन किया गया।

## मंजूलता नामदेव का निधन



**नवभारत, जबलपुर।** पनागर कटंगहा कालौनी निवासी संतोष नामदेव राजहंस टेलर्स की धर्मपत्नी मंजूलता नामदेव का 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 12 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंगल भवन के पीछे शमशान घाट पर किया जायेगा।